सेवा में,

दिनांक : 21/12/2017

श्रीमान जन सूचना अधिकारी
केंद्रीय लुगदी एवं कागज अनुसंधान संस्थान
पेपर मिल रोड, हिम्मतनगर
पो. ओ. बॉक्स - 174
सहारनपुर -247001

महोदय,

मैं भारतवर्ष का एक आम नागरिक हूँ। कृपया मुझे जन सूचना कानून 2005 के तहत निम्नलिखित बिन्दुओं पर संस्थान से आवश्यक सूचना उपलब्ध कराई जाय। जिसके लिए मैं 10/- मूल्य का आवश्यक पोस्टल ऑर्डर संख्या 37F 923850 पत्र के साथ भेज रहा हूँ।

महोदय संस्थान के पत्रांक संख्या CPPRI/P/M/4/2014 दिनांक 09/12/2017 के अनुसार, संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा मुझे यह सूचित किया गया है कि वर्तमान निदेशक महोदय द्वारा एक कमेटी ग्रुप II के कर्मचारियों के एसेस्मेंट के मूल्यांकन के लिए गठित की गयी थी, इस कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व में तत्कालीन बेज्ञानिक एफ डा विमलेश बिष्ट की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा जो प्रोन्नति के सम्बन्ध में सिफारिस दी थी वह संस्थान की परिषद (COA) से स्वीकृत नही है, अतः वह मान्य नही है। अतः मुझे निम्नलिखित विन्दुओं पर आवश्यक सूचना उपलब्ध करायी जाय।

1, संस्थान के कार्यालय आदेश के पत्र संख्या CPPRI/P/M/17/10 दिनांक 23/05/2011 के अनुसार जिसमें कि ग्रुप II के कर्मचारियों के एसेस्मेंट के मूल्यांकन के लिए गठित कमेटी द्वारा जो रिपोर्ट तत्कालीन निदेशक को कमेटी की अध्यक्षा डा विमलेश विष्ट द्वारा प्रस्तुत की गयी थी, उस रिपोर्ट की प्रमाणित प्रतिलिपि मुझे उपलब्ध करायी जाय।

2, मुझे कृपया वर्तमान निदेशक महोदय द्वारा गठित की गयी कमेटी की रिपोर्ट, जिसमें कि वर्तमान कमेटी द्वारा पूर्व में गठित कमेटी कि रिपोर्ट को अमान्य माना गया है उस रिपोर्ट की प्रमाणित प्रतिलिपि भी उपलब्ध करायी जाय।

3, वर्तमान निदेशक महोदय द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट को संस्थान की परिषद (COA) से स्वीकृति संबंधी पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि भी उपलब्ध करायी जाय।

नोट: उपरोक्त दोनों कमेटी की रिपोर्ट से प्रार्थी के हित प्रभावित होते हैं।

प्रार्थी (हस्ताक्षर)

बिशम्बर पाण्डेय
कैनाल रोड, कौलागढ़
पो. ओ. - आई. पी. ई.
जिला - देहरादून
उत्तराखंड

Receipt NO: CPPRI/RTI/258
Dt: 28/12/17
(signature) 28/12/17